ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

अत्यावश्यक / सर्वोच्च प्राथमिकता

संख्या : 2175 /भाविवि/प0नि0का0/2025
दिनांक : 27 सितम्बर, 2025

# विज्ञप्ति

एतद्द्वारा ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा विषम सेमेस्टर दिसम्बर 2025 के समस्त पाठ्यक्रमों के समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फॉर्म भरे जाने हेतु **दिनांक 16.10.2025 को पोर्टल खोला जाएगा तथा 30.10.2025 तक ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म भरवाए जाएंगे।**

सूच्य है कि नियमित एवं स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर (तृतीय, पंचम एवं सप्तम् सेमेस्टर) का पंजीकरण एवं सेमेस्टर शुल्क जमा किए जाने के सम्बन्ध में अधिष्ठाता शैक्षणिक के पत्र संख्या–305/अधि0शै0/भाविवि/2025 दिनांक 02.09.2025 द्वारा निम्नलिखित समय सारिणी जारी की गयी थी :–

| प्रस्तावित तिथि | प्रस्तावित धनराशि |
|---|---|
| दिनांक 02–09–2025 से 07–09–2025 तक | बिना किसी विलम्ब शुल्क |
| दिनांक 08–09–2025 से 15–09–2025 तक | रु0 500.00 |
| दिनांक 16–09–2025 से 22–09–2025 तक | रु0 700.00 |
| दिनांक 23–09–2025 से 30–09–2025 तक | रु0 1000.00 |
| दिनांक 01–10–2025 से 15–10–2025 तक | रु0 2000.00 |

उल्लेखनीय है कि उक्त सूचना जारी किए जाने के बावजूद भी अभी तक विषम सेमेस्टर के 727 छात्र–छात्राओं द्वारा पंजीकरण एवं सेमेस्टर शुल्क जमा नहीं किया गया है।

अतः ऐसे छात्र–छात्राएं जिनके द्वारा वांछित शुल्क जमा नहीं किया गया है, उन्हें निर्देशित किया जाता है कि अन्तिम तिथि समाप्त होने के पूर्व उक्त शुल्क अनिवार्य रुप से जमा करना सुनिश्चित करें। **यदि किसी छात्र–छात्रा द्वारा उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि तक वांछित शुल्क जमा नहीं किया जाता है तो विश्वविद्यालय द्वारा उसका परीक्षा फॉर्म भरवाया जाना सम्भव नहीं होगा।** चूंकि विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं दिनांक 01.12.2025 से आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है, अतः शुल्क जमा किए जाने की तिथि विस्तारित नहीं की जाएगी।

27.9.2025

( विकास )
परीक्षा नियंत्रक

संख्या–2175/भाविवि/प0नि0का0/2025, तद्दिनांक
<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ प्रेषित।</u>

1. माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण/संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/विषय प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि छात्र–छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।
3. कुलसचिव जी/वित्त अधिकारी जी।
4. वेबसाइट एडमिनिस्ट्रेटर को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
5. मीडिया प्रभारी को उपरोक्तानुसार कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. समस्त सूचना पटलों पर चस्पा करने हेतु
7. गार्ड फाइल में अभिरक्षित करने हेतु।

उप परीक्षा नियंत्रक